सदर बाजार में सजाया गया घंटेश्वर मंदिर।

रेलवे रोड पर सजा प्रेम मंदिर।

सोहना चौक स्थित दिधेश्वर मंदिर। (अभिषेक)

कहीं वर्चुअल तो कहीं मंदिरों में जाकर मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

घरों व आयोजन स्थलों पर भी नन्हे-मुन्ने बच्चों को भगवान कृष्ण-राधा का रूप धारण करा मनाया पर्व

श्रीकृष्ण–राधा की वेशभूषा धारण किए हुए नन्ही बच्ची।

गुड़गांव, 30 अगस्त (अ): भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के रुप में सदियों से मनाया जाता आ रहा है। जन्माष्टमी का पर्व मनाने के लिए सभी मंदिरों व आश्रमों को सजाया गया है। विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं इस आयोजन को आयोजित करने के लिए जुटी रही, ताकि दर्शकों को भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी स्मृतियों को झांकियों आदि के रुप में दर्शाया जा सके। मंदिरो में श्रीराधा कृष्ण के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे। सभी मंदिरों को दुल्हन की तरह से सजाया हुआ है। उधर घरों में भी नन्हे–मुन्ने बच्चों को कृष्ण–राधा की पोशाक पहनाई गई और उनकी पूजा–अर्चना भी की गई। घरों में भी कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। 0शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह पर्व सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। उधर भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित सामाजिक संस्था इस्कॉन ने सैक्टर 45 स्थित श्रीराधा गोपीनाथ मंदिर में जन्माष्टमी का पर्व वर्चुअल रुप से मनाने की पूरी व्यवस्था की थी और घर बैठे ही श्रद्धालु आयोजन का पूरा आनंद ले रहे थे। मंदिर के प्रभारी अच्युत्य हरिदास का कहना है कि कार्यक्रम में आकर्षक झांकियां, भगवान श्रीकृष्ण का महाभिषेक सभी कुछ वर्चुअल तरीके से किया जा रहा है। मंदिर में सीमित संख्या में ही कोरोना की रोकथाम के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए ही श्रद्धालुओं को प्रवेश मिल सकेगा। वैसे अधिकांश लोग घरों में ही इस पर्व को मना रहे हैं।

सैक्टर 7 में मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

गुड़गांव, 30 अगस्त (अ): सामाजिक संस्था संस्कार भारती द्वारा सैक्टर 7 क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। संस्था के महेंद्र कक्कड़ ने बताया कि कार्यक्रम में कृष्ण रुप सज्जा प्रतियोगिता, गीत एवं नृत्य कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। प्रतिभागियों को पुरुस्कृत भी किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कृष्ण-राधा एवं सुदामा का रुप धारण कर अपनी धार्मिक धरोहर की झांकी पेश की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में नवीन गोयल, निगम पार्षद सीमा पाहूजा, जगदीश सिक्का, परम डागर, चेतनदास ग्रोवर, नवीन कपूर एवं बीआर उप्पल शामिल हुए। जिन्होंने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतिभागियों के नृत्य एवं गीतों ने उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। देर रात्रि तक कार्यक्रम चलता रहा। कृष्ण रुप सज्जा प्रतियोगिता में कायरा प्रथम, पारुल द्वितीय व वान्या तृतीय स्थान पर रही। संस्था के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डालते हुए कहा गया कि कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संस्था प्रयासरत है। कार्यक्रम में अनिल शर्मा, विजया फ्लोरा, मनोज शर्मा, राम बहादुर, सुनील शर्मा, सचिन पाल, सीमा शर्मा, योगेंद्र, शैलेंद्र, हनी, नितिन, ज्योति, हरित सहित गणमान्य व्यक्ति भी शामिल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि

केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल ने ऑनलाइन श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया

गुड़गांव, 30 अगस्त (ब्यूरो): सोहना रोड स्थित केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल ने ऑनलाइन श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया। इस दौरान स्कूलों में ऑनलाइन प्रतियोगताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृष्ण का रूप धारण कर खूब मस्ती की। कार्यक्रम के आयोजन के दौरान कृष्ण के जीवन से संबंधित नाटक भी आयोजित किए गए। इन नाटकों में भगवान कृष्ण के जीवन का वृत्तांत तो विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया। यही नहीं भगवान श्री कृष्ण द्वारा किए गए कार्यों व उनके द्वारा दिए गए ज्ञान को भी लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसे काफी सराहा भी गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए कई प्रकार की गतिविधियां रखी गई, जिसमें नर्सरी के बच्चों द्वारा बांसुरी को रंग-बिरंगे फूलों और सितारों से सजाया गया। एलकेजी के बच्चों ने रंगीन कागज की सहायता से बहुत ही सुंदर मोर बनाया और यूकेजी के बच्चों ने कृष्ण का झूला बनाकर अपनी कार्यकुशलता दिखाई। छात्रों ने घरों पर रहकर जन्माष्टमी का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया। स्कूल की प्रिंसिपल नीलिमा कामराह ने सबको जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए अध्यापकों एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

मामूली कहासुनी में परिवार पर लाठी-डंडों से किया हमला, मामला दर्ज

गुड़गांव, 30 अगस्त (ब्यूरो): कादरपुर गांव में मामूली कहासुनी को लेकर युवक के परिवार पर डंडों से हमला कर दिया गया। हमलें में युवक के पिता व भाईयों को काफी चोट आई है। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शिकायत पर सेक्टर–65 थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब पूरे मामले की जांच में जुटी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कादरपुर निवासी रोहित ने बताया कि शनिवार शाम करीब साढ़े 6 बजे वह अपने भाई अंकित व विकेश के साथ सेक्टर–63 बिरला कंपनी के पास घूम रहा था। वहां पर गांव का बिट्टू कंपनी के सामने टिनशैड का खोका बनवा रहा था। अंकित ने बिट्टू से खोका के बारे में पूछा तो वह गालियां देने लगा। शिकायतकर्ता ने गाली देने से मना किया और अपने भाई को लेकर आगे की ओर चला गया। आरोप है कि तभी आरोपी ने अपने भाई नीरज, सतीश, ब्रिज, कर्ण, संजय व अन्य को बुला लिया। सभी बाइक व स्कूटी पर डंडे व सरिये लेकर आए और गाली–गलौच करने लगे। शिकायतकर्ता के पिता विशम्बर बीच–बचाव के लिए आए तो आरोपियों ने अचानक सभी पर हमला कर दिया। शिकायतकर्ता के पिता व भाई गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गए। शिकायतकर्ता की पत्नी व बहन बचाव में आई तो आरोपियों ने वहां से जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। रविवार को पुलिस ने इनके बयान दर्ज किए। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसके पिता व भाई को सिर में चोट के चलते फ्रैक्चर भी हैं। पिता का ऑपरेशन भी हुआ है।

बैठक में कोरोना से बचाव के निर्देशों का पालन कर अपने विचार रखें

तहसील मानेसर लंबरदार एसोसिएशन की बैठक आयोजित

गुड़गांव, 30 अगस्त (ब्यूरो): तहसील मानेसर लंबरदार एसोसिएशन के अध्यक्ष लंबरदार सूरत सिंह ने यह जानकारी दी। बीते करीब डेढ़ साल से कोरोना महामारी के चलते लंबरदार एसोसिएशन की फिजिकल मीटिंग नहीं बुलाई गई थी। अब सरकार ने फिजिकल मीटिंग बुलाऐ जाने पर पाबंदी हटा दी है। बताया गया है कि प्रशासनिक पाबंदिया हटने के बाद एसोसिएशन की ओर से ये फैसला किया गया है। जिसे देखते हुए बुधवार 1 सितंबर 2021 को तहसील मानेसर के सभी लंबरदारों की मीटिंग तहसील परिसर में सुबह 10 बजे बुलाई गई है। एसोसिएशन पदाधिकारियों की मानें तो लंबे समय के अंतराल के बाद यह मीटिंग हो रही है।

एसोसिएशन प्रधान सूरत सिंह ने आग्रह किया कि तहसील मानेसर क्षेत्र में आने वाले सभी गांवों के सभी लंबरदार मास्क पहन कर आऐं। साथ ही सरकार द्वारा जारी कोरोना महामारी के बचाव के सभी निर्देशों का पालन करते हुए मीटिंग में समय पर पहुंच कर अपने अपने विचार रखें। बताया ये भी गया है कि इस बैठक में सैकड़ों लोग शामिल होगें। जिसमें स्थानीय मुद्दों सहित विभिन्न तरह के विकास कार्यो की प्रगति व उसके विस्तार के बारे में चर्चा संभावित है।

लोगों के साथ विमर्श करते एसोसिएशन के प्रधान

सिद्धेश्वर मंदिर में झूला झूलते कान्हा। (अभिषेक)

पशु संतुलित आहार पर प्रशिक्षण दिया गया

तावडू, 30 अगस्त (आ): जनपद नूंह के अन्तर्गत तावडू उपमूंडल के ग्राम गोयला के सहगल फासउंडेशन कार्यालय परिसर में पशु सन्तुलित आहार पर प्रशिक्षण दिया गया। जिस में 25 गांवों के 200 किसानों ने पशु संतुलित आहार पर प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम सपिरेंट कृषि समृद्धि व ग्राम उदय परियोजना के माध्यम से किया गया। जिस में ईंटास कम्पनी से विशाल ने सभी किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में हिस्सा लेने वालो राहड़ी बेरी बिस्सर सराय सिलखो गुढ़ी कांगरका सुनारी सूंध रानियाकीर आदि गांवों के किसानों ने हिस्सा लिया जिन में महिला किसान भी उपस्थित रही। सहगल फाउंडेशन की टीम की ओर से अरूण आरिफ संतराम नंदपाल प्रशांत शुक्ला सतबीर व सराजुदीन आदि उपस्थित थे।

इनेलो ने कार्यकर्ता मिलन समारोह की तैयारियों को लेकर की बैठक

तावडू, 30 अगस्त (आ): इनेलो पार्टी के प्रदेश महा सचिव एवं जिला गुरूग्राम प्रभारी अशोक जैन ने सोमवार को तावडू में पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार सहरावत के प्रतिष्ठान पर हल्के के कार्याकर्ताओं के साथ एक बैठक की।

पार्टी सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला बाहर आने के बाद पहली बार सोहना में 9 सितंबर को कार्यकर्ता मिलन समारोह में क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के रूबरू होंगे और पार्टी की नीतियों के बारे में जानकारी देगें। उनके बाहर आने से पहले चौधरी अभय सिंह चौटाला ने पार्टी को संभाले रखा था, लेकिन अब पार्टी सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला के बाहर आने के बाद पार्टी को ओर मजबूती मिली है। ओमप्रकाश चौटाला 36 बिरादरी के नेता है। इनेलो एक ऐसी पार्टी है जो आदमी को पहचान देती है। इंसान को अपनी पहचान के जरूरत होती है। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार सहरावत ने कहा कि गुरूग्राम का विकास चौटाला की देन है और जतना के हित के लिए हमेशा इनेलो ने काम किया है। इस बैठक का मंच का संचालन इनेलो युवा नेता राकेश गर्ग ने की। वहीं अशोक जैन का तावडू में पहुंचने पर पगडी बांधकर व फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर इनेलो जिला गुरूग्राम अध्यक्ष रोहताश लोहटकी, सोहना तावडू हलका प्रधान चर्णसिंह डागर, पटौदी हलका प्रधान राजसिंह पप्ली, तावडू नगरपलिका पूर्व उपाध्यक्ष चौधरी सवाई सिंह, कर्णसिंह सहरावत, छोटे खां सरपंच, नरेन्द्र टोकस आदि क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

इनेलो नेता कार्यकर्ता बैठक करते हुए।

हिमाचल और उत्तराखंड के प्रतिष्ठित धार्मिक स्थलों के लिए तैयार होंगे 8 रोप-वे

नई दिल्ली, 30 अगस्त (नैशनल डैस्क): भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई.) ने सबसे अधिक मांग वाले धार्मिक पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाले उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में आठ रोप-वे लिंक के लिए व्यवहार्यता और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का कार्य तेजी से शुरू कर दिया है। इस बाबत सरकार ने बिड्स आमंत्रित की हैं।

प्राधिकरण को इन दो पहाड़ी राज्यों में रोप-वे विकसित करने का काम सौंपा गया है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू व कश्मीर सरकारों से पर्यटन तथा आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए रोप-वे लिंक की संभावना तलाशने का आग्रह किया था।

केदारनाथ के हिंदू मंदिर और उत्तराखंड में हेमकुंट साहिब के पवित्र सिख तीर्थस्थल तक पहुंचना निकट भविष्य में आसान और अधिक सुखद होने की संभावना है क्योंकि सरकार इन प्रमुख तीर्थ स्थलों को रोप-वे लिंक प्रदान करने की योजना बना रही है।

वर्तमान में तीर्थयात्रियों को गौरीकुंड से केदारनाथ के लिए एक लंबा ट्रैक लेना पड़ता है, हालांकि सीमित हैलिकॉप्टर सेवा है, परन्तु कई लोगों को यह महंगा लगता है।

हिमाचल में चिन्हित किए गए रोप वेज़ की संयुक्त लंबाई 42.5 कि.मी. है। इनमें तारा देवी मंदिर, हाटू पीक, चुंजा ग्लेशियर और भरमाणी मंदिर से कनैक्टिविटी शामिल है।

उत्तराखंड में 29 कि.मी. की संयुक्त लंबाई के साथ तीन लिंक प्रस्तावित हैं जिनमें नैनीताल में हनुमान मंदिर और चमोली में घांघरिया के लिए रोप-वे लिंक शामिल हैं। बिड्स दस्तावेज के अनुसार, कंसल्टैंट इन परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण सफलता कारकों की पहचान करेगा।

परियोजना के कार्य और स्थान पर विचार करते हुए सर्वोत्तम उपयुक्त मानकों का सुझाव देगा और वर्तमान तथा भविष्य की मांग क्षमता का अनुमान लगाएगा।।



लटकते तारों व कम ज्यादा वोल्टेज से मंडरा रहा आग लगने का खतरा

बादशाहपुर, 30 अगस्त (अ): दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम बादशाहपुर सब डिविजन के अंतर्गत बादशाहपुर के मुख्य बाजार में दुकानों से छु कर गुजर रही लटकती तारों से हर वक्त दुकानों में स्पार्किंग तथा अन्य लापरवाही कारणों से दुकानों में आग लगने का खतरा मंडरा रहा है। यही नही कम ज्यादा वोल्टेज आने से भी दुकानों में कभी भी कोई फाल्ट के चलते आग लगने के कारण हो सकते है। उक्त समस्यां बाजार के व्यापारियों ने जाहिर करते हुए कहा कि बाजार में तारों का जाल जगह जगह बना हुआ है, यही नही मुख्य लाइनें ढीली और कमजोर होने से इमारतों से छु कर गुजर रही है। लाइनों में बार बार फाल्ट आने तथा चिंगारी उत्पन होने तथा कम ज्यादा वोल्टेज से अक्सर आगे लगने का खतरा बना रहता है। जिसके प्रति बिजली निगम कोई खास गम्भीर नजर नही आ रहा है। इससे पहले भी बाजार में कई दुकानों में आग लग चुकी है, जिसमे भी बिजली के शोर्ट सर्किट होने के कारण सामने आये थे।

सोशल मीडिया व्हाट्स एप्प ग्रुप पर भी लोग बाजार में कम ज्यादा वोल्टेज तथा बिजली की लटकते तारों से कोई भी अनहोनी व हादसे की आशंका जता रहे है। लोग मांग कर रहे है कि इस समस्यां एक प्रति बिजली निगम कोई तत्परता दिखानी चाहिए और समस्या का समाधान कराना चाहिए। स्थानीय दुकानदारों ने बिजली निगम से मांग करते हुए कहा है कि बाजार में लटकती हुई मुख्य लाइनों को तुरंत प्रभाव से बदलकर नई लाइन लगवानी चाहिए, ताकि आगे चलकर कम ज्यादा वोल्टेज तथा कोई भी आग लगने के कारणों को कम किया जा सके।

उम्र के साथ पुरुषों के शरीर में बदलता है टेस्टास्टरोन

मांसपेशियों को बड़ा करने के लिए केवल बॉडी बिल्डर को होती है इसकी जरूरत

गुड़गांव, 30 अगस्त (ब्यूरो): ज्यादातर लोगों ने टेस्टास्टरोन का नाम तो सुना होता है, लेकिन यह क्या होता है और किसलिए जरूरी है यह कम ही लोग जानते हैं। कई लोग यह समझते हैं कि टेस्टॉस्टरोन की जरूरत बॉडी बिल्डर्स को होती है, मासपेशियों को बड़ा करने के लिए। यह मानना गलत नहीं है, लेकिन टेस्टॉस्टरोन और उसमें होने वाली उम्र के साथ कमी का असर करीब करीब हर पुरुष करता है। इस संदर्भ में मिस्टर्स के सी.ई.ओ. सुहास मिश्रा ने बताया कि जैसे कई पुरुष उम्र के साथ यह सुनते हैं कि पहले तो वो बड़े हाई मजाकिया किस्म के व्यक्ति होते थे और अब वो बात बात पर नाराज या परेशान हो जाते हैं। ऐसे में यह ध्यान रखना आवश्यक है कि यह बदलाव उनके शरीर में होने वाली टेस्टॉस्टरोन की कमी से हो सकता है। टेस्टॉस्टरोन को मेल हॉर्मोन, पुरुष हॉर्मोन नाम से भी जाना जाता है, और लड़कों के मर्द बनने से जुड़े बदलाव शरीर में इसी से होते हैं। इनमें शामिल हैं आवाज भारी होना, दाढ़ी आना, ताक़त बढ़ना और स्पर्म (शुक्राणु) बनना। क्योंकि शरीर में यह बदलाव बारह से बीस वर्ष की आयु में हो जाते हैं, इसलिए टेस्टॉस्टरोन का स्तर मर्दों के शरीर में बीस के बाद निरंतर घटता रहता है। कुछ पुरुषों में टेस्टॉस्टरोन के कम स्तर से कोई खास फर्क नहीं पड़ता, लेकिन कई में इससे रोजमर्रा के अनुभव में कई दिक्कतें आने लगती हैं। अभी हाल ही में मिस्टर्स ने एक नया प्रॉडक्ट मिस्टर्स डेली जोश लांच किया है। इस प्रॉडक्ट के बारे में मिस्टर्स के सी.ई.ओ. सुहास मिश्रा ने कहा हमने अपने पार्ट्नर लैब से टेस्टॉस्टरोन बड़ाने के लिए एक हर्बल इक्स्ट्रैक्ट लिया जिसकी टेस्टॉस्टरोन बढ़ाने की क्षमता की टेस्टिंग हुई। यह शरीर की टेस्टॉस्टरोन बड़ाने की प्रणाली को बेहतर बनाता है, और हर्बल होने के कारण साइड इफैक्टस का भी डर कम रहता है।